## प्रादेशिक समाचार

## दिनांक– 10.10.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री ने आइआइटी आइएसएम धनबाद में यूके–भारत महत्वपूर्ण खनिज आपूर्ति श्रृंखला वेधशाला के सेटेलाइट कैंपस की स्थापना की घोषणा की, कहा–अनुसंधान और नवाचार को मिलेगा बढ़ावा।
2. भ्रष्टाचार के खिलाफ राज्य सरकार ने की बड़ी कार्रवाई, रांची के बिरसा मुंडा कारा के दो सरकारी कर्मी निलंबित, दो संविदाकर्मी बर्खास्त, जेल अधीक्षक और सहायक जेलर से मांगा गया स्पष्टीकरण।
3. राजधानी रांची में पुलिस और अपराधियों के बीच भीषण मुठभेड़, दो अपराधियों को लगी गोली, चार गिरफ्तार, कई हथियार भी बरामद।
4. सुप्रीम कोर्ट ने जमीन घोटाला मामले के आरोपी रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन को दी जमानत, जेल से बाहर आने का रास्ता हुआ साफ।
5. 40वीं राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप आज से भुवनेश्वर में, झारखंड का 52 सदस्यीय दल ले रहा है हिस्सा।

*********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आइआइटी आइएसएम धनबाद में यूके–भारत महत्वपूर्ण खनिज आपूर्ति श्रृंखला वेधशाला के सेटेलाइट कैंपस की स्थापना की घोषणा की है। यह घोषणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के बीच मुंबई में हुई बैठक के बाद संयुक्त प्रेस वक्तव्य के दौरान की गई। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह सेटेलाइट कैंपस से अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा मिलेगा।

*********************

राज्य सरकार ने भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए रांची स्थित बिरसा मुंडा केन्द्रीय कारा के आठ पदाधिकारियों और कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की है। संविदा पर नियुक्त दो पूर्व सैनिकों को बर्खास्त कर दिया गया है जबकि जेल क्लर्क समेत दो को निलंबित कर दिया गया है। चीफ हेड वार्डन और रिजर्व चीफ हेड वार्डन के खिलाफ विभागीय कार्यवाही के आदेश दिये गये हैं। जेल अधीक्षक और सहायक जेलर से स्पष्टीकरण मांगा गया है। बिरसा मुंडा केन्द्रीय कारा में मुलाकातियों से पैसे लेने का आरोप है।

*********************

रांची के रातू इलाके में आज सुबह पुलिस और अपराधियों के बीच मुठभेड़ में राहुल दूबे गैंग के दो अपराधी घायल हो गए। दोनों घायलों समेत चार अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मौके से कई हथियार भी बरामद किये गये हैं। मुठभेड़ की सूचना के बाद एसएसपी राकेश रंजन, ग्रामीण एसपी प्रवीण पुष्कर समेत अन्य पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जांच की।

*********************

राज्य की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा है कि सरकार आदिवासी परंपरा और संस्कृति के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। वे रांची के मुड़मा में आयोजित जतरा मेला के समापन समारोह के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रही थीं।

*********************

रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। शीर्ष अदालत ने छवि रंजन की जमानत याचिका स्वीकार करते हुए उन्हें कुछ शर्तों के साथ जमानत दे दी है। सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के बाद उनके जेल से बाहर आने का रास्ता साफ हो गया है। छवि रंजन को इडी ने जमीन घोटाल मामले में 4 मई 2023 को गिरफ्तार किया था।

*********************

झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में भारत ने समावेशी शासन, महिलाओं के सशक्तीकरण और निःशक्त व्यक्तियों के लिए पहुंच पर लगातार जोर दिया है। 56 देशों का प्रतिनिधित्व करने वाला राष्ट्रमंडल लोकतंत्र, मानवाधिकार और समावेशी विकास के साझा मूल्यों से जुड़ा हुआ है। श्री महतो बारबाडोस में आयोजित राष्ट्रमंडल संसदीय संघ के सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

*********************

प्रधानमंत्री कल नई दिल्ली में पूसा परिसर से प्रधानमंत्री धन–धान्य योजना और दलहन आत्मनिर्भरता मिशन का शुभारंभ करेंगे। दूरदर्शन समाचार के साथ साक्षात्कार में केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि इस योजना के तहत सरकार कम उत्पादकता वाले 100 जिलों की पहचान करेगी और उत्पादकता बढ़ाने के लिए लक्षित उपायों को लागू करेगी।

*********************

शिरीष चंद्र मुर्मु ने तीन साल की अवधि के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक के डिप्टी गवर्नर का पदभार ग्रहण कर लिया है। इस पद पर पदोन्नत होने से पहले वे रिज़र्व बैंक के कार्यकारी निदेशक थे। डिप्टी गवर्नर के रूप में श्री मुर्मु संचार विभाग, सरकारी तथा बैंक लेखा विभाग और विनियमन तथा प्रवर्तन विभाग का कार्यभार संभालेंगे।

*********************

बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर झारखंड के सीमावर्ती इलाकों में भी सख्ती बढ़ा दी गयी है। इस कड़ी में हजारीबाग के चौपारण थाना अंतर्गत चोरदाहा स्थित झारखंड़– बिहार चेक पोस्ट कें पास वाहन चेकिंग के दौरान एक चार पहिया गाड़ी से 16 लाख 50 हजार रुपये बरामद किये गये हैं। एक पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि इससे संबंधित कोई कागजात प्रस्तुत नहीं किये जाने के कारण रुपये जब्त कर लिये गये हैं।

*********************

गढ़वा जिले में महिलाओं को स्वालंबी बनाने के लिए आजीविका ग्रामीण एक्सप्रेस योजना शुरू की गयी है।

*********************

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस आज दुनियाभर में मनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को गति प्रदान करना है। स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह दिन लोगों को अपने भावनात्मक और मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने की याद दिलाता है।

*********************

आज सुबह के कारोबार में बेंचमार्क घरेलू शेयर सूचकांक, सेंसेक्स और निफ्टी, लगभग शून्य दशमलव 4 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुए। ताज़ा रिपोर्ट आने तक सेंसेक्स 307 अंक बढ़कर 82 हजार 480 पर और निफ्टी 98 अंक बढ़कर 25 हजार 278 पर पहुंच गया।

*********************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव एक लाख 12 हजार रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख 64 हजार रुपये प्रति किलो है।

*********************

40वीं राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप आज से भुवनेश्वर में शुरु हो रही है। प्रतियोगिता में भाग लेने झारखंड का 52 सदस्यीय दल भुवनेश्वर पहुंच चुका है। टीम का नेतृत्व हजारीबाग के अंतर्राष्ट्रीय एथलीट अफरोज अहमद कर रहे हैं। इस प्रतियोगिता में देशभर के लगभग दो हजार एक सौ एथलीट हिस्सा ले रहे हैं।